# जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, साफ-सफाई और व्यवस्था पर दिए निर्देश

**निरीक्षण किया**

**नवनियुक्त जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों और विभागों का निरीक्षण किया**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों और विभागों का निरीक्षण किया और कार्मिकों से परिचय और उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सभी कार्यालय कक्ष और परिसर में बेहतर साफ-सफाई रखी जाए। रिकार्ड रूम में अभिलेखों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखा जाए।
जिला पूर्ति कार्यालय में निष्प्रोज्य सामान एवं विद्युत लाइन को ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय के समीप कूड़ा कागज जलाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट के पूरे परिसर को स्वच्छ एवं साफ रखा जाए।
इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष, ओएसडी कक्ष, शिकायत अनुभाग कक्ष, मीटिंग हाल, सामान्य कार्यालय अनुभाग, अपर जिलाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय कक्ष, मालखाना सहित आबकारी विभाग, पूर्ति कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, सूचना विभाग, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आपदा कंट्रोल रूम के आपातकालीन दूरभाष नंबरों पर कॉल भी किया। इस दौरान उन्होंने तहसील थराली एवं चमोली में डीडीआरएफ के नंबरों को भी डायल करते जांचा।
निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, आबकारी अधिकारी प्रमोद मैठाणी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, वैयक्तिक अधिकारी राजेन्द्र जुयाल, शाहबाज अहमद आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**निर्देश**

**उन्होंने अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार के नवागंतुक जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दर्शन सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अशोक वैद्य, प्रधान सहायक दीपक सैनी, ड्राइवर मनवर सिंह नेगी तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेसिक, माध्यमिक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महेश मैथानी अनुपस्थित पाए गए।
जबकि 10.25 बजे जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के दौरान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर गौरव उप्रेती अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पाए गए सही अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवम कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचें। कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों एवम फरयादियों की पूरी शालीनता से समस्याएं सुनकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए उनकी अनुमति के बिना कोई भी अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा।

## हरीश रावत ने सरकार पर साधा निशाना

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बालाजी ज्वैलर्स में हुई लूट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा देने में नाकाम है। और हरिद्वार में हुई डकैती इसका उदाहरण है। रावत ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि डकैती के आरोपित दो दिन में नहीं पकड़े जाते हैं तो वह 12 सितंबर को हरिद्वार में चंद्राचार्य चौक से बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सरकार के ध्यानाकर्षण के लिए पदयात्रा निकालेंगे।
उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह वारदात को अंजाम दिया गया, उससे लगता है कि डकैत ज्वलेरी शोरूम में घूमने आए थे।

# कल्याणकारी योजनाओं में कोई ढिलाई न हो: सविन बंसल

**औचक निरीक्षण**

**जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रातः 10 बजे सर्वे चौक स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय पंहुचे। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन ब्लॉक वार आवेदन की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही समाज कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं के आवेदन की जानकारी तथा प्रगति जानी।
जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी योजना का आवेदन लंबित न रहे, यह सुनिश्चित कर लें। आवेदन लंबित रखने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही होगी। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि पेंशन संबंधी कोई भी आवेदन एक सप्ताह से अधिक लंबित ना रहे । आवेदन में कमियां पाए जाने की सूचना आवेदक को समयबद्ध दी जाए।
उन्होंने समाज कल्याण कार्यालय में आने वाले लोगों से वार्ता की, उनकी समस्या सुनते हुए समाज कल्याण अधिकारी को शाम तक समस्या का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेंशन योजना के आवेदनों 15 से 18 दिन , लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पेंशन संबंधी आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी की कि पेंशन योजना के आवेदन 7 दिन से अधिक लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी ।
जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में अभिलेखों का ठीक से रख रखाव न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और अभिलेखों का ठीक प्रकार से रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम अनुसूचित जाति अनुदय ऋण, योजना के आवेदन की जानकारी लेते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।
उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर समन्वय करते हुए निदेशों से अवगत करा दिया जाए कि किसी भी योजना का आवेदन निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें तथा अभिलेखों का रखरखाव ठीक प्रकार से किया जाए। साथ ही निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर के कार्यालय के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए।

# संक्षिप्त खबरें

## आवाह्न अखाड़े के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने अखाड़ा परिषद को सुधार की नसीहत दी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आवाह्न अखाड़े के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने अखाड़ों के बीच चल रही खींचतान पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने प्रयागराज कुम्भ मेला 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अखाड़ा परिषद को अपने आचार-विचार सुधारने की सलाह दी है।
श्रीमहंत गोपाल गिरि ने कहा कि नकली और कुछ बहिष्कृत साधुओं को शामिल करके परिषद बनाना उचित नहीं है। अखाड़ा परिषद तभी वैध हो सकती है जब संन्यासी और वैष्णव दोनों पक्षों में अध्यक्ष और मंत्री अलग-अलग हों। उनका कहना है कि परिषद में दोनों प्रमुख पदों पर एक ही परंपरा के साधु नहीं होने चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि अध्यक्ष संन्यासी हो तो मंत्री बैरागी, उदासी या निर्मल सम्प्रदाय से होना चाहिए।
श्रीमहंत गोपाल गिरि ने कहा कि पहले निरंजनी अखाड़े के श्रीमंहत शंकर भारती 16 वर्ष तक अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे। इसके बाद सन 2004 से 17 तक वैष्णव अखाड़े के श्रीमहंत ज्ञान दास और जूना अखाड़ा ने अध्यक्ष पद संभाला। वर्ष 20 17 से फिर निरंजनी और जूना अखाड़े के साधु अध्यक्ष और महामंत्री बन बैठे।
उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अखाड़ा परिषद किसी की निजी संपत्ति है, जो कुछ अखाड़े इस पर कब्जा जमाने के लिए पदों से चिपके रहना चाहते हैं। श्रीमहंत गोपाल गिरि ने पूछा कि अखाड़ा परिषद में सर्वप्रथम स्थापित आवाहन, अटल, अग्नि और आनन्द अखाड़ों को परिषद में उपेक्षित क्यों किया जा रहा है। इन अखाड़ों को केवल वोट देने और समर्थन के लिए ही इस्तेमाल करना अनुचित है।
उन्होंने आगे कहा कि अखाड़ा परिषद में ऐसे लोगों को पद मिलना चाहिए, जो लोभ, कपट और छल से दूर हों और समदृष्टा हों, तभी अखाड़ा परिषद का महत्व स्थापित हो सकेगा।

## विधायक विनोद चमोली ने जिलाधिकारी को दी नसीहत, नगर निगम की बिल्डिंग से छेड़छाड़ न करने का आग्रह किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक विनोद चमोली ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि नगर निगम की प्राचीन बिल्डिंग से छेड़छाड़ न की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बारे में फैसला लेने के लिए बोर्ड है और जिलाधिकारी को अपने प्रशासनिक कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। विधायक ने जिलाधिकारी को नसीहत देते हुए कहा कि सरकार ने जिस कार्य के लिए उन्हें भेजा है वह वही कार्य करें।
देहरादून के नवनियुक्त जिलाधिकारी सविन बंसल इन दिनों पुरी तरह सक्रिय दिख रहे हैं। उन्होंने कोरोनेशन अस्पताल, नगर निगम के साथ ही अन्य विभागों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर निगम में ऑटोमेटिक पार्किंग को लेकर भी बात कही है, जिसको लेकर भाजपा विधायक विनोद चमोली ने जिलाधिकारी को नसीहत दे डाली।

## गैर इरादतन हत्या के मामले युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीते रोज सिडकुल थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को लक्सर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पकडे. गए आरोपित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक बीते रोज सुबह सिड़कुल क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला, जिसकी पहचान नितिन पुत्र दिलीप मिश्रा, सीतापुर उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई। मृतक नितिन सिडकुल में मासकोट कंपनी में काम करता था। मृतक वर्तमान में रावली महदूद में निवास करता था। मृतक के मौसा विष्णु प्रकाश बाजपेई की तहरीर पर थाना सिडकुल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।
पुलिस को घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी फूटेज चेक करने पर पता चला की दीप्ति बिहार कॉलोनी को जाने वाले तिराहे पर मृतक एक पैदल चल रहे व्यक्ति को झपट्टा मारते हुए दिखाई दे रहा है। पैदल चलता हुआ व्यक्ति मृतक को धक्का देकर नीचे गिराता है। गिरने के बाद मृतक उठ नहीं पाता है। वह धक्का देने वाले व्यक्ति की पहचान दीप्ति विहार कॉलोनी में ही रहने वाले अतुल उम्र 22 वर्ष पुत्र सतीश निवासी ग्राम हरचंदपुर थाना नांगल सोती जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई।

# एआई का उपयोग मनुष्य के बौद्धिक व्यायाम और चिंतन में बड़ी बांधा : प्रो. शिरीष



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कागड़ी सम विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से आयोजित हिंदी सप्ताह के अंतर्गत हिंदी भाषा और साहित्य पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुप्रयोग महत्व एवं चुनौतियां विषयक तीन दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। हिंदी सप्ताह के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के हिंदी विभाग के प्रोफेसर शिरीष मौर्य ने हिंदी लेखक और एआई का दौर विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मृदुल जोशी ने व्याख्यान का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में एआई के कारण कई चैट बॉट उपलब्ध है, जिनकी सहायता से भाषा और साहित्य के विद्यार्थी सूचनाओं का व्यवस्थित उपयोग कर सकते हैं। प्रो. जोशी ने कहा कि एआई मूल ग्रन्थों के अध्ययन का विकल्प नहीं बनना चाहिए।
द्वितीय दिवस व्याख्यान के मुख्य वक्ता ने कहा कि भले ही एआई के कारण कुछ सुविधाएं विकसित हुई हैं मगर एआई का उपयोग मनुष्य के बौद्धिक व्यायाम और चिंतन में एक बड़ी बांधा उत्पन्न कर रहा है, जिसके प्रति सचेत होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मेधा कभी भी बनावटी नहीं हो सकती है, क्योंकि मेधा के विकास की यात्रा मनुष्य के विकास की यात्रा है।
समाज, संस्कृति और इतिहास को समझने के लिए मानव मस्तिष्क ही प्रभावी है। एआई केवल वर्तमान और भविष्य के सवालों से संभावित उत्तर दे सकता है। प्रो. मौर्य ने एआई के भविष्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मशीनें मनुष्य को नष्ट कर रही हैं इसके कारण मनुष्य के अंदर मूल्यों का पतन हुआ है तथा धैर्य कम हुआ है।
भारतीय भाषा कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. ब्रह्म देव ने कहा कि भाषा मनुष्य की चेतना की प्रतीक है तथा भाषा के माध्यम से हमें आत्मबोध की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मशीनों की विवेकसम्मत उपयोग करने की सलाह प्रतिभागियों को दी। व्याख्यान माला के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. अजित तोमर ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निशा शर्मा ने किया।

## बदरीनाथ धाम में शुरू हुआ पौराणिक कुबेर गली का मरम्मत कार्य

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम में पौराणिक आस्था पथ कुबेर गली की मरम्मत कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। बरसात में मलबा आने से पुराना आस्था पथ क्षतिग्रस्त हो गया था।
गौरतलब है कि गत रविवार को बदरीनाथ धाम में निरीक्षण के दौरान तीर्थ पुरोहितों ने यह समस्या जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने जनभावना के दृष्टिगत कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से पुराने आस्था पथ कुबेर गली को ठीक करने के निर्देश दिए थे, ताकि भगवान के विग्रह का रास्ता सुचारू रहे। कार्यदायी संस्था ने सोमवार से आस्था पथ ठीक करने का काम शुरू कर दिया है।

# प्रेम प्रसंग का मामला: गला रेतकर भाई ने बहन को उतारा मौत के घाट, कबूला जुर्म

**वारदात**

**बताया गया है कि मृतक की दो और बहनें हैं, जिनमें एक विवाहित है। दूसरी बहन परिवार के साथ रहती है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के मंगलौर क्षेत्र में एक भाई ने अपनी बहन का गला रेतकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित ने खुद ही परिजनों और पुलिस को पूरी घटना के बाबत बताया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
घटना देर रात की है जब मंगलौर के मोहल्ला मलानपुरा स्थित एक घर में शाइस्ता (24) की गला काटकर उसके भाई अमन पुत्र इमरान ने हत्या कर दी। बताया गया है कि मृतक की दो और बहनें हैं, जिनमें एक विवाहित है। दूसरी बहन परिवार के साथ रहती है। घटना के वक्त मां रविवार रात अपनी एक रिश्तेदारी में देवबंद गई हुई थी। सुबह जब वह घर आई तो कातिल भाई ने पूरी बात मां और पुलिस को बताई। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है।

# खाई में गिरी बाइक, दो युवक घायल, एसडीआरएफ ने निकाला

**हादसा**

**एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पाया कि उक्त दोनों व्यक्ति बाइक से अगस्त्यमुनि की ओर आ रहे थे।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
रुद्रप्रयाग जनपद में बांसवाड़ा और भीली मार्ग के बीच एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल खाई में जा गिरी। इससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीआरएफ ने घायल युवकों को खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। आपदा कंट्रोल रूम रुद्रप्रयाग से एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि बांसवाड़ा और भीली के बीच एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई है। मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम पोस्ट अगस्तमुनि से उप निरीक्षक मनोहर कन्याल के नेतृत्व में रेस्क्यू उपकरणों संग तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।
एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर पाया कि उक्त दोनों व्यक्ति बाइक से अगस्त्यमुनि की ओर आ रहे थे। बांसवाड़ा और भीरी के बीच में इनकी बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। एसडीआरएफ टीम ने पुलिस, डीडीआरएफ व स्थानीय लोगों के साथ संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाते हुए खाई में उतर रोप स्ट्रेचर की सहायता से उक्त दोनों व्यक्तियों को घायल अवस्था में खाई से बाहर निकाला और एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा।

# वैदनी कुंड में दस सितम्बर को होगा लोक जात का समापन



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
हिमालय की आराध्य मां नंदा की लोकजात यात्रा अब धीरे-धीरे उच्च हिमालय क्षेत्र की ओर बढ़ रही है। यात्रा सोमवार को गेरौली पातल नामक स्थान पर रुकेगी, जो निर्जन स्थान है। दस सितम्बर को लोकजात यात्रा का समापन होगा। मंगलवार को यात्रा वैदनी नामक स्थान पर पहुंच जाएगी, जहां पवित्र वैदनी कुंड में समस्त हिमालयी देवी देवता स्नान करेंगे। मान्यता है कि हिमालय के आराध्य भगवान शंकर पूजा अर्चना के दौरान यहां स्वयं उपस्थित होते हैं। इस पुण्य अवसर का साक्षी बनने के लिए यहां हजारों की संख्या में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है। समुद्र तल से 11004 फीट ऊंचाई पर स्थित वैदनी बुग्याल में स्थित वैदनी कुंड में पूजा अर्चना के बाद लोकजात यात्रा का समापन हो जाएगा।
वैदनी बुग्याल से त्रिशूली एवं नंदा घुंघुटी की चोटियां स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। हरे भरे चारागाह वैदनी की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। मंगलवार को नंदा सप्तमी की पूजा अर्चना के बाद लोकजात पर निकली मां नंदा इस यात्रा की समाप्ति के बाद यहां से अपने ननिहाल देवराडा के लिए वापस आ जाती है एवं यही पर पूरे छः माह के लिए प्रवास करती हैं और पूजी जाती हैं।

**मानव व भगवान के बीच का रिश्ता भी बताती है लोकजात**

मानव व भगवान के बीच यदि कोई रिश्ता है तो वह लोकजात के दौरान दिखाई देता है । लोकजात के दौरान आयोजित धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना के समय पड़ावों पर इतने भावुक हो जाते हैं कि वह मानव से भगवान के रिश्ते की याद दिला देते है। **पित्रों का तर्पण भी करते है वैदनी में**

लोकजात के साथ-साथ वैदनी कुंड में पूजा अर्चना के दौरान स्थानीय लोग श्राद्ध एव तर्पण भी करते हैं। वैदनी कुंड के पुजारी देवी दत्त कुनियाल का कहना है कि वैदनी मे पूजा अर्चना के दौरान स्वयं भगवान शंकर यहां उपस्थित होते है, ऐसा माना जाता है। इस दौरान पित्रो के निमित यहां किये गए श्राद्ध एव पित्र तर्पण सीधे पित्र लोक तक पहुंचते है ऐसी भी मान्यता है।

**अंतिम गांव वाण से नंदा के धर्म भाई लाटू देवता करते है लोकजात की अगुवाई**

लोकजात यात्रा के दौरान हिमालय क्षेत्र में प्रवेश से पूर्व अंतिम गांव वाण है जो यात्रा का पड़ाव भी है। यहां पर लाटू देवता का मंदिर स्थित है। लाटू मां नंदा के धर्म भाई है। वाण से आगे उच्च हिमालयी क्षेत्र में मां नंदा की लोकजात यात्रा की अगुवाई भी नंदा के धर्मभाई लाटू ही करते है।

# गढ़वाल सांसद बलूनी पहुंचे कोटद्वार, कार्यकर्ताओं की सुनी समस्याएं



**कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़वाल सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी सोमवार को कोटद्वार पहुंचे।
इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं की समस्या सुनते हुए मौके पर संबंधित अधिकारी को निराकरण के निर्देश दिये।
गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बलूनी ने कहा कि जल्द ही विभाग क्षतिग्रस्त जगह के लिए स्थाई प्रस्ताव दें।

